भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1898

उत्तर देने की तारीख 11.12.2025

डीएजेजीयूए की मुख्य विशेषताएं

+1898. श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमाः

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' (डीएजेजीयूए), जिसका उद्देश्य सामाजिक अवसंरचना, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कमियों को दूर करना है, की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के कितने जिलों को शामिल किया जाएगा?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क): धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक प्रमुख अभिसरण संचालित पहल है, जिसका उद्देश्य जनजातियों के लिए समग्र विकास को बढ़ावा देना है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को इस अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के दौरान 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 प्रखंडों में 63,843 गांवों में अवसंरचना संबंधी अंतरों को दूर करने, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच और आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

डीएजेजीयूए की मुख्य विशेषताएं 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपायों का अभिसरण है। ये इस प्रकार हैं:-

क्र.सं.	**मंत्रालय**	**योजना**	**लक्ष्य (2024-2028)**
1	ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)	पीएमएवाई-जी - आवास	20 लाख
		पीएमजीएसवाई - सड़कें	25,000 कि.मी. सड़क
2	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सचल चिकित्सा इकाई	1,000 एमएमयू
3	दूरसंचार विभाग	सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ)	5,252 गांव
4	जल शक्ति मंत्रालय	जल जीवन मिशन (जेजेएम)	सभी गांवों को संतृप्त किया जाएगा
5	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	नवीन सौर ऊर्जा योजना- पीएम सूर्य घर योजना	2000 संस्थानों में सोलर रूफटॉप का प्रावधान और 100 मॉडल सोलर जनजातीय गांव
6	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	आंगनवाड़ी केंद्र- पोषण 2.0 (आईसीडीएस)	2,000 नए आंगनवाड़ी

क्र.सं.	मंत्रालय	योजना	लक्ष्य (2024-2028)
7	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय	समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए)	1,000 छात्रावास
8	कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय	जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना	(i) जनजातीय जिलों में 30 कौशल केंद्र (ii) 1000 वीडीवीके और जनजातीय समूहों को प्रशिक्षण
9	पंचायती राज मंत्रालय	राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)	एफआरए से संबंधित सभी ग्राम सभाओं, उप-मंडलों और जिलों में एफआरए जागरूकता कार्यक्रम
10	मत्स्य पालन विभाग	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)	जनजातीय मछुआरों को सहायता: 10,000 आईएफआर और 1000 सीएफआर
11	पर्यटन मंत्रालय	उत्तरदायी पर्यटन (स्वदेश दर्शन)	1000 गृह प्रवास (होम स्टे)
12	पशुपालन एवं डेयरी विभाग	राष्ट्रीय पशुधन मिशन	8,500 आईएफआर धारकों को पशुधन प्रबंधन सहायता
13	आयुष मंत्रालय	पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन	700 पोषण वाटिकाएँ
14	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई)	एफआरए पट्टा धारकों को कृषि सहायता (~ 2 लाख)
15	विद्युत मंत्रालय	नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना - आरडीएसएस	प्रत्येक अविद्युतीकृत आवास और असंबद्ध सार्वजनिक संस्थान (~ 2.35 लाख)
16	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	एलपीजी - उज्ज्वला योजना	25 लाख एलपीजी कनेक्शन
17	जनजातीय कार्य मंत्रालय	पीएमएएजीवाई/टीडी को एससीए	100 टीएमएमसी - (जनजातीय बहुउद्देश्यीय विपणन केंद्र)
			जनजातियों के लिए आश्रम विद्यालयों/सरकारी विद्यालयों और छात्रावासों का उन्नयन
			एफआरए दावा समर्थन
			17 राज्यों में सिकल सेल रोग के लिए सीओसी

(ख): धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) को देश भर के लगभग 63843 गांवों को कवर करते हुए लगभग 5 करोड़ जनजातीय आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है।

(ग): धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) में 26 राज्यों और 4 संघ राज्यक्षेत्रों के सभी जनजातीय बहुल गांवों के 549 जिले और 2,911 प्रखंड शामिल हैं।

*****